हरिभूमि
जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार 14 अक्टूबर 2026

तापमान
अधिकतम 32 .8 डिग्री
न्यूनतम 20 .0 डिग्री

12 गीता नगर में पानी का संकट, त्रस्त लोगों ने सड़क पर उतर किए प्रदर्शन



12 महाराजा अग्रसेन ने मानवता, समानता व सेवा की मिसाल...



खबर संक्षेप

चोरों ने तीन सूने घरों को बनाया निशाना

यमुनानगर। ट्विन सिटी में अलग-अलग तीन सूने घरों को निशाना बनाकर चोरों ने लाखों रुपये की नकदी व आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने तीनों मामलों की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांधीनगर कॉलोनी निवासी शशि कला ने गांधीनगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि छह अक्टूबर को वह घर का ताला लगाकर परिवार के सदस्यों के साथ बाहर गई थी। 12 अक्टूबर को शाम छह बजे जब वह घर लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था।

पंचायती जमीन से सफेदे के पेड़ चोरी

यमुनानगर। गांव महलावाली में चोरों ने पंचायती जमीन से सफेदे के 26 पेड़ काटकर चोरी कर लिए। इस दौरान 11 पेड़ मौके पर ही जमीन पर पड़े मिले। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव महलावाली निवासी धर्मपाल ने सदर जगाधरी पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उनके गांव में स्कूल के पीछे पंचायती जमीन पर सफेदे के पेड़ लगे हुए हैं। इस दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि पंचायती जमीन पर लगे सफेदे के पेड़ों को किसी ने काट कर चोरी कर लिया है।

निजी बस संचालकों और रोडवेज कर्मियों में टकराव

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र के नए बस स्टैंड पर कुरुक्षेत्र-पुंडरी रूट पर चलने वाली बसों की समय-सारणी को लेकर निजी बस संचालकों और रोडवेज कर्मचारियों के बीच गतिरोध पैदा हो गया। विवाद के दौरान बस स्टैंड का गेट बंद कर बसों को रोकने का प्रयास किया गया। मामले को सुलझाने के लिए रोडवेज के उच्च अधिकारी दोनों पक्षों के बीच बातचीत के माध्यम से तालमेल बैठाने का प्रयास किया। जानकारी के अनुसार, कुरुक्षेत्र से पुंडरी रूट पर बसों के संचालन और समय-सारणी को लेकर दोनों पक्षों के बीच सहमति नहीं बन पाई। इसके चलते बस स्टैंड परिसर में तनाव की स्थिति बन गई।

जमीन का सौदा करवाने के नाम पर फर्जीवाड़े का आरोप

रिटायर्ड एसआई से आढ़ती ने हड़पे 16 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के सेक्टर-10 में रहने वाले पुलिस विभाग से रिटायर्ड सब-इंस्पेक्टर तेजिंदर सिंह ने अनाज मंडी के एक आढ़ती फकीर चंद और उसके परिवार के सदस्यों पर 16 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। परिवादी के मुताबिक जमीन का सौदा करवाने के नाम पर उससे अलग-अलग किस्तों में करीब 18 लाख रुपए लिए गए थे। इसके बदले उसे चेक दिए गए लेकिन पूरी रकम वापस नहीं मिली।

तेजिंदर सिंह का कहना है कि वह इस मामले में वे मुख्यमंत्री, डीजीपी और एसपी अंबाला सहित संबंधित पुलिस अधिकारियों को शिकायत दे चुके हैं। उनका आरोप है कि करीब तीन साल से कार्रवाई और रकम वापसी का इंतजार कर रहे हैं। तेजिंदर सिंह के अनुसार नवंबर 2023 में वह बासमती धान और गेहूं खरीदने के सिलसिले में नई अनाज मंडी अंबाला शहर में फकीर चंद की दुकान पर गए थे। बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि नारायणगढ़ क्षेत्र में उनकी जमीन रेलवे लाइन परियोजना के लिए अधिग्रहण संबंधी सर्वे में शामिल होने की बात सामने आई है। इसी दौरान उन्होंने फकीर चंद से कहा कि यदि आसपास कोई जमीन बेचने वाला हो तो उन्हें जानकारी दी जाए।

आरोप है कि कुछ दिन बाद फकीर चंद अपने बेटे के साथ उन्हें कार में बैठाकर बुढ़ंगपुर और दूधपुर गांव के आसपास ले गया। वहां एक स्कूल के पास करीब अढाई से तीन एकड़ जमीन दिखाई गई। उसे बिकाऊ बताया गया। तेजिंदर सिंह के मुताबिक, इसके कुछ समय बाद फकीर चंद अपने नौकर रमेश के साथ उनके घर पहुंचा। अचानक जरूरत पड़ने की बात कहकर 3 लाख रुपए मांगे। उसने भरोसा दिलाया कि रकम जमीन के सौदे में मैनेज कर दी जाएगी।

तेजिंदर सिंह ने बताया कि फकीर चंद ने अपने कारोबार, शैलर, क्रैशर और आढ़त की दुकानों का हवाला देकर उन्हें भरोसा दिलाया था कि रकम लौटाने में कोई परेशानी नहीं होगी। उनके अनुसार, उन्होंने पहले 3 लाख रुपए का चेक दिया। इसके बाद करीब 15 दिन के अंतराल पर फिर 4 लाख रुपए मांगे गए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसी तरह अलग-अलग किस्तों में कुल करीब 18 लाख रुपए दिए गए।

- मामले की एसपी को दी शिकायत तीन साल से कार्रवाई का कर रहे इंतजार



ब्याज देने का वादा कर भुगतान रोका

रिटायर्ड सब-इंस्पेक्टर का कहना है कि रकम के बदले उन्हें चेक मिले हुए हैं और उनके पास लेन-देन से संबंधित दस्तावेज भी मौजूद हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआत में रकम जमीन के सौदे के लिए दी गई थी। बाद में जब भुगतान में देरी होने लगी तो आरोपी की ओर से ब्याज देने की बात भी कही गई। उनके अनुसार, कुछ समय तक ब्याज दिया गया, लेकिन भुगतान नियमित नहीं रहा। तेजिंदर सिंह के मुताबिक, उन्हें शुरुआत में करीब 2 लाख रुपए वापस मिले थे। इसके बाद शेष रकम का भुगतान नहीं किया गया। उनका दावा है कि अब भी 16 लाख रुपए बकाया हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि हर बार अगली फसल या अगले सीजन में पैसे लौटाने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन समय निकलने के बावजूद भुगतान नहीं होता। उसने दावा किया कि फकीर चंद और उससे जुड़े लोगों के खिलाफ अन्य कारोबारियों की भी बड़ी रकम बकाया है।

हजारों रुपये की हेरोइन के साथ दो युवक काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने कलानौर बार्डर से बाइक सवार दो युवको को 120 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया है। प्राथमिक जांच में सामने आया कि आरोपी उत्तर प्रदेश से नशीला पदार्थ लेकर आते थे। आरोपी यमुनानगर में आसपास नशीले पदार्थ को बेचने का काम करते थे।

सेल के इंचार्ज अनिल कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि दो युवक बाइक पर सवार होकर उत्तर प्रदेश की ओर से कलानौर बॉर्डर पार करते हुए यमुनानगर में प्रवेश करेंगे। आरोपी युवक नशीले पदार्थ लेकर आ रहे हैं। इस सूचना के आधार पर उप निरीक्षक ओमप्रकाश, एएसआई जसवीर सिंह, कुलदीप, विमल, जयपाल मराठा व विकास की टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। कुछ देर बाद उत्तर प्रदेश की ओर से दो युवक बाइक पर आते दिखाई दिए। टीम ने रोक कर जांच की तो उनके पास से नशीले पदार्थ बरामद हुए। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाया गया। जांच के दौरान आरोपियों से 120 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव सलेमपुर निवासी सुफियान व पहलवान पुर निवासी आजम के नाम से हुई। आरोपी सुफियान की बाइक पर नशे की तस्करी हो रही थी। आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया और उसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है।



यमुनानगर। एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा हेरोइन के साथ पकड़े आरोपी।

साइबर ठगों ने डॉलर भेजने के नाम पर महिला से ठगे सात लाख 72 हजार रुपये

यमुनानगर। साइबर ठगों ने खुद को तमिलनाडु का सीएम विजय थालापति बताकर डॉलर भेजने के नाम पर गांव अमादलपुर निवासी मोमिना से सात लाख 72 हजार रुपये ठग लिए। जब मोमिना को अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव अमादलपुर निवासी मोमीना ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 अगस्त को उसके मोबाइल पर अज्ञात नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को तमिलनाडु का सीएम विजय थालापति बताया। इस दौरान आरोपियों ने उसके अकाउंट में डॉलर भेजने के नाम पर उससे अलग-अलग करके सात लाख 72 हजार रुपये अपने अकाउंट में ट्रांसफर करवा लिए। जब उसे अपने साथ हुई ठगी का एहसास हुआ तो उसने मामले की सूचना परिजनों व साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

दशहरा पर्व को लेकर चौकस हुई पुलिस

- कप्तान मेधा ने श्री राम दशहरा कमेटी के दशहरा स्थल का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री राम दशहरा कमेटी, बरसत रोड, पानीपत द्वारा हुडा सेक्टर 13/17 के विशाल मैदान में आयोजित होने वाले दशहरा महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। वहीं, दशहरा पर्व पर उमडने वाली लाखों श्रद्धालुओं की भीड की सुरक्षा को लेकर पानीपत की पुलिस कप्तान मेधा भूषण ने दशहरा स्थल का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ डीएसपी सुरेश सैनी भी उपस्थित रहे। वहीं, श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान श्री भीम सचदेवा सहित कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुलिस अधिकारियों का स्वागत किया तथा दशहरा महोत्सव की तैयारियों एवं आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर हरबंस आनंद, सुभाष बठला, भूषण मदान, राधेश्याम नासा, विपिन बजाज, महेंद्र खत्री, राकेश आनंद, गौरव छौकरा, सोम नाथ मदान, रमेश सतीजा, बंटी चुघ, मनोहर लाल शर्मा, गुलशन आनंद, सुनील थम्मन,सुमेर भारद्वाज आदि एवं मौजूद सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



पानीपत। श्री राम दशहरा कमेटी, बरसत रोड के पदाधिकारी एसपी मेधा का स्वागत करते।

25 हजार का इनामी बदमाश राहुल वैद काबू

- मुठभेड़ के दौरान पैर में लगी गोली, यूपी एसटीएफ ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

यूपी एसटीएफ ने 25 हजार रुपए के इनामी बदमाश राहुल वैद को गिरफ्तार किया है। मेरठ में लूट के मामले में वांछित आरोपी को हथियार बरामदगी के लिए ले जाने के दौरान पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। पुलिस के मुताबिक, राहुल ने टीम पर फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में उसके बाएं पैर में गोली लगी है। घायल बदमाश को गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी के कब्जे से 315 बोर की देसी पिस्तौल, एक खोखा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। राहुल पर मेरठ और महाराष्ट्र के नासिक में ज्वेलरी लूट समेत कई मामले दर्ज हैं। हरियाणा में भी उसके खिलाफ करीब 9 मुकदमे दर्ज होने की बात कही जा रही है।



अंबाला। पकड़े गए बदमाश को ले जाती पुलिस।

आरोपी से पिस्तौल व कारतूस बरामद

एसटीएफ ने राहुल को रात करीब 12:05 बजे अंबाला छावनी से पकड़ा था। इसके बाद सुबह उसे मेरठ के भावनपुर थाने में दाखिल किया गया। वह 21 अप्रैल 2026 को गढ़ रोड पर अंकुर गार्डन रिजॉर्ट के पास सर्राफा व्यापारी से आभूषणों से भरा बैग लूटने के मामले में वांछित था। इस मामले में भावनपुर थाने में केस दर्ज किया गया था। मेरठ पुलिस के अनुसार पूछताछ में राहुल ने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर सर्राफा व्यापारी को हथियार दिखाकर लूटा था। वारदात में उसके हिस्से में आए सोने-चांदी के आभूषण उसने अंबाला में एक राहगीर को बेच दिए थे। इससे उसे करीब 45 हजार रुपए मिले थे, जिन्हें उसने खाने-पीने और अन्य मुकदमों की पैरवी में खर्च कर दिया। पुलिस के मुताबिक, राहुल ने पूछताछ में वारदात में इस्तेमाल 315 बोर की पिस्तौ और कारतूस जिठौली में निर्माणाधीन पुल के पास सीमेंट के पिलर नंबर-24 के नजदीक छिपाकर रखने की बात कही थी। 12 अक्तूबर को पुलिस उसे हथियार बरामद कराने के लिए वहां लेकर गई थी। पुलिस का दावा है कि बरामदगी के दौरान राहुल ने पिस्तौ से पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया। जवाबी फायरिंग में उसके बाएं पैर में गोली लगी। उसे मौके से घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के कब्जे और निशानदेही से 315 बोर की एक पिस्तौ, एक खोखा कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। घायल राहुल को पुलिस हिरासत में उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

धान से भरे ट्रक की चपेट में आई बाइक, महिला की मौत

कुरुक्षेत्र। शाहबाद में राजकीय स्कूल के पास धान से भरे ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार महिला शालू की मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहे उसके पति मोहन सिंह घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के अनुसार, मोहन सिंह गांव सढौरा के गुरुद्वारे में सेवादार के रूप में कार्यरत हैं और मूल रूप से उत्तराखंड के रहने वाले हैं। वह अपने परिवार के साथ बाइक पर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, राजकीय स्कूल के सामने मोहन सिंह ने बाइक रोककर बराड़ा रोड की तरफ जाने का रास्ता पूछा। इसके बाद जैसे ही उन्होंने बाइक मोड़ी, धान से भरे ट्रक ने बाइक को अपनी चपेट में ले लिया।

पिहोवा में चार साल के बच्चे से कुकर्म का आरोप, किशोर पर केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा/कुरुक्षेत्र

पिहोवा क्षेत्र में चार साल के बच्चे के साथ कथित तौर पर कुकर्म किए जाने का मामला सामने आया है। बच्चे के पिता ने पड़ोस में रहने वाले 14 वर्षीय किशोर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत के अनुसार, घटना के बाद बच्चा रोने लगा और अगले दिन उसने अपनी मां को आपबीती बताई। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी। बच्चे का इलाज एलएनजेपी अस्पताल, कुरुक्षेत्र में चल रहा है। पुलिस को दी शिकायत में बच्चे के पिता ने आरोप लगाया कि पड़ोस में रहने वाला किशोर उनके घर की दीवार फांदकर अंदर आया था। उस समय घर पर कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था। पिता के अनुसार, घटना के बाद जब परिवार घर पहुंचा तो बच्चा रोने लगा। मां ने रोने का कारण पूछा तो बच्चे ने उसे अपने साथ हुई घटना के बारे में बताया। बच्चे की बात सुनने के बाद उसकी मां आरोपी किशोर के घर पहुंची। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि वहां किशोर ने उसके साथ मारपीट करने की कोशिश की और उसके परिवार की ओर से उन्हें देख लेने की धमकी दी गई। इन आरोपों की पुलिस जांच कर रही है। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन बच्चे को उपचार के लिए पिहोवा के सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे।

महिला की मौत में पति समेत चार केस दर्ज

इसराना। पानीपत के गांव परढ़ाणा में 26 वर्षीय विवाहिता अरविना की कथित रूप से जहरीला पदार्थ निगलने से मौत हो गई। वहीं, मृतक के ताऊ हनीफ व भाई नूरदीन निवासी गांव पीपली खेडा जिला सोनीपत ने आरोप लगाया कि दो बेटियां होने और दहेज की मांग को लेकर ससुराल में उसे प्रताड़ित किया जाता था। करीब सात साल पहले उसकी शादी अमित से हुई थी और उसकी पांच व तीन साल की दो बेटियां हैं। वहीं, इसराना थाना पुलिस ने अरविना की मौत के मामले में उसके पति अमित, सास, ससुर, जेठानी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

बिहार निवासी श्याम ईंट-भट्ठे पर करता था

- बीजना के पास घर लौटते समय हुआ हादसा, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

ट्रैक्टर की ट्रॉली के नीचे आने से 21 वर्षीय मजदूर की मौत

जिले में बीजना के पास ट्रैक्टर की ट्रॉली के नीचे आने से 21 वर्षीय मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहार निवासी श्याम के रूप में हुई है। वह करनाल में रहकर दिहाड़ी मजदूरी करता था और ईंट-भट्ठे पर काम करता था। हादसे की सूचना मिलने के बाद परिवार में शोक छा गया। जानकारी के अनुसार, श्याम 11 अक्तूबर को कहीं से घर लौट रहा था। रास्ते में उसने एक ट्रैक्टर चालक से लिफ्ट ली और ट्रैक्टर पर बैठ गया। ट्रैक्टर बीजना से स्टौंडी की ओर जा रहा था। परिजनों के मुताबिक, जब श्याम ट्रैक्टर से नीचे उतरने लगा तो चालक ने वाहन रोकने का प्रयास किया, लेकिन ब्रेक लगाने से पहले ही श्याम ने छलांग लगा दी। संतुलन बिगड़ने के कारण वह ट्रॉली के नीचे आ गया। उस समय ट्रॉली खाली थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल श्याम को आसपास मौजूद लोगों ने अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। 12 अक्तूबर को परिवार के करनाल पहुंचने के बाद पुलिस ने परिजनों से मृतक की पहचान करवाई।



करनाल। हादसे में 21 वर्षीय मजदूर श्याम की मौत के बाद शोक में डूबे परिजन।

महिला की बाजू पर चाकू से हमला कर किया घायल

यमुनानगर। व्यासपुर थाना क्षेत्र के गांव काठगढ़ में कहासुनी होने पर परिवार के दंपत्ति ने अपने बेटे के साथ मिलकर महिला की बाजू पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायल महिला का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव काठगढ़ निवासी संतोष देवी ने व्यासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही सतपाल व उसकी पत्नी किरण के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था। मगर इसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे।

परविन्द्र सिंह मर्डर मामले का 5 हजार का इनामी गिरफ्तार

- 29 अगस्त 2022 को पिहोवा में कुछ युवको ने लाठी, डंडो, रॉड से किया था हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पुलिस ने परविन्द्र सिंह उर्फ गागा मर्डर मामले के एक और आरोपी को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्गदर्शन में थाना सदर पेहवा ने परविन्द्र सिंह उर्फ गागा मर्डर मामले के 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी राम करण उर्फ बल्ली वासी ईशाक जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 30 अगस्त 22 को थाना सदर पेहवा पुलिस को दिए अपने बयान में गुरसेवक उर्फ शीबु वासी रुआ जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि वह सन्धु फार्म गुहला रोड पेहवा पर अपना ढाबा के पास सर्विस स्टेशन किराये पर चलाता है। उसकी परविन्द्र सिहं उर्फ गागा पुत्र गुचरनण सिंह वासी स्योंसर थाना सदर पेहवा के साथ पीछले करीब 4/5 साल से गहरी दोस्ती थी। दिनांक 29 अगस्त 22 को समय करीब 7 बजे उसके पास परविन्द्र सिंह उर्फ गागा का फोन आया और उसने उसे अपने ढाबा पर बुलाया जिसपर वह परविन्द्र सिहं उर्फ गागा के ढाबा पर पहुंच गया जहाँ पर परविन्द्र सिंह उर्फ गागा, राजू वासी स्योंसर उसे मिले।

केयू में चार दिवसीय राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह का आगाज 30 अक्टूबर से

कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ ने किया रत्नावली के ब्रोशर का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने मंगलवार को विश्वविद्यालय में 30 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2026 तक आयोजित होने वाले चार दिवसीय हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह के ब्रोशर का विमोचन किया। विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा आयोजित होने वाले इस चार दिवसीय महोत्सव में हरियाणा की समृद्ध लोक संस्कृति, परंपराओं, लोक कलाओं, संगीत एवं नृत्य की विविध छटाएं देखने को मिलेंगी। इस अवसर पर कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि रत्नावली हरियाणा की लोक संस्कृति एवं परम्परा को संरक्षित करने का मंच है। राज्यस्तरीय रत्नावली समारोह हरियाणा की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। युवा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने कहा कि रत्नावली समारोह विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ हरियाणा की लोक कलाओं, सांस्कृतिक विरासत एवं परम्पराओं के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस वर्ष भी महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं, लोक प्रस्तुतियों, कार्यशालाओं एवं प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि रत्नावली समारोह कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस मौके पर कुवि कुलसचिव प्रो. वीरेन्द्र पाल, केयू छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला, लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, उपनिदेशक डॉ. जिम्मी शर्मा, डॉ. सलोनी दीवान मौजूद थे।



कुरुक्षेत्र। राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह के ब्रोशर का विमोचन करते कुलपति।

रत्नावली में इस बार 33 विधाओं का होगा मंचन

चार दिवसीय राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह में हरियाणवी लोकगीत, भजन, रागनी, एकल एवं समूह नृत्य, हरियाणवी लूर, रसिया, लोक वेशभूषा, फैशन शो, नाटक, एकांकी, समूह गान, भाषण, प्रश्नोत्तरी सहित विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसके अतिरिक्त लोक चित्रकला कार्यशाला, पारंपरिक हस्तकला एवं प्राचीन हरियाणवी वस्तुओं की प्रदर्शनियां भी समारोह के प्रमुख आकर्षण रहेंगी। रत्नावली समारोह में लोक वाद्य संगीत, हरियाणवी कोरियोग्राफी, हरियाणवी चौपाल, सांगीतिक संध्या, हरियाणवी पगड़ी प्रतियोगिता, सांग प्रतियोगिता तथा प्रोफेशनल रागनी प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसके अतिरिक्त मिमिक्री एवं एकल अभिनय और हरियाणवी अथवा हरियाणा पर आधारित लघु फिल्म प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। महोत्सव के दौरान सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

खबर संक्षेप

माता की चौकी में भजनों पर जमकर झूमे श्रद्धालु



यमुनानगर। नवरात्रों के पावन अवसर पर ग्रीन पार्क वेलफेयर सोसाइटी यमुनानगर द्वारा शहर के मेहता चौक पर माता जी की चौकी का भव्य आयोजन किया गया। माता की चौंकी पर भजन गायकों द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने माता रानी की ज्योति प्रज्वलित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। सोसाइटी के प्रधान देवेन्द्र मेहता ने बताया कि माता की चौकी में प्रसिद्ध भजन गायक मोंटी राजा एंड पार्टी ने अपने मधुर भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।श्रद्धालुओं ने माता रानी का श्रृंगार किया और पूजा अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सोसाइटी के प्रधान देवेन्द्र मेहता ने कहा कि सोसाइटी द्वारा हर वर्ष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

बाइक सवारों ने व्यक्ति से छीनी नकदी व मोबाइल

यमुनानगर। कस्बा बूडिया स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास बाइक सवार तीन युवकों ने गांव जयरामपुर खालसा निवासी राजीव से 42 सौ रुपये व मोबाइल फोन छीन लिया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार राजीव ने बूडिया थाना पुलिस में दी शिकायत में बताया कि 11 अक्टूबर को रात साढ़े नौ बजे वह काम से घर लौट रहा था। जब वह बूडिया स्थित एचपी पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो बाइक पर सवार होकर तीन युवक आए। आरोपियों ने आते ही उसे रोक लिया और उसकी जेब से 42 सौ रुपये व उसका मोबाइल छीन कर फरार हो गए।

वेतन वृद्धि पर स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक

थानेसर। हरियाणा गवर्नमेंट पी.डब्ल्यू.डी. मैकेनिकल वर्कर यूनियन मुख्यालय चरखी दादरी कैम्प कार्यालय करनाल संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच के पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक कुरुक्षेत्र के जल घर बिरला मंदिर में ब्रांच प्रधान कुलवंत शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन ब्रांच सचिव कुलदीप सैनी ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए ब्रांच प्रधान कुलवंत शर्मा ने बताया कि विकास एवं पंचायत विभाग ब्लॉक लाड़वा के जल कर्मियों का वेतन समय पर नहीं डाला जाता है।

चार प्रकार के डस्टबिनों में कचरा अलग-अलग डालें

तरावड़ी। सेवा संकल्प अभियान के तहत शहर तरावड़ी में नगरपालिका सचिव अजीत कुमार के नेतृत्व में शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए वार्ड नः एक और 13 में फॉर बीन कैंपेन का आगाज हो चुका है। इस कैंपेन में मैडम डोली, कर्मजीत कौर, सुपरवाइजर प्रवीण कुमार व दरोगा विक्रम के द्वारा लोगों को जागरूक किया गया कि वे अपने घर या दुकान के कचरे को अलग-अलग करके चार प्रकार की डस्टबिनों में डालें ताकि तरावड़ी शहर को कचरा मुक्त बनाया जा सके।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने डीएवी गर्ल्स कॉलेज में छात्राओं से किया संवाद

बेटियों के स्वास्थ्य व सुरक्षित भविष्य के लिए जागरूकता जरूरी : डॉ. गुप्ता

लोकतंत्र में हर व्यक्ति को अपनी बात रखने और विरोध प्रदर्शन करने का हक, उचित प्रदर्शन पर नहीं होनी चाहिए आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। प्रदेशाध्यक्ष डॉ. गुप्ता का स्वागत करते कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ.अर्चना गुप्ता ने कहा कि बेटियों का स्वास्थ्य, सुरक्षा और जागरूकता स्वस्थ समाज की बुनियाद है। समय पर स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श से कई गंभीर बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद मिल सकती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बेटियों के बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया है। हमें मिलकर अपने आसपास की बेटियों की स्वास्थ्य जांच एवं टीकाकरण सुनिश्चित करना है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ.अर्चना गुप्ता ने मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर में महिलाओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को लेकर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में छात्राओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने छात्राओं को कैंसर से बचाव, शुरुआती लक्षणों के प्रति सतर्कता, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ दिनचर्या के महत्व के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी। डॉ.गुप्ता ने कहा कि सोशल मीडिया पर अत्यधिक समय बिताने के बजाय शारीरिक गतिविधियों, योग और पढ़ाई के लिए समय निर्धारित करना चाहिए। तंबाकू, गुटखा और धूम्रपान से दूर रहने के साथ-साथ परिवार के सदस्यों को भी इनसे बचने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर अपनी मां और परिवार की अन्य महिलाओं से खुलकर बातचीत करें।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ.अर्चना गुप्ता ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य सेवा, जागरूकता और जनभागीदारी के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। उन्होंने छात्राओं से स्वस्थ आदतों को अपनी दिनचर्या में अपनाने और परिवार व आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की।

प्रदर्शन में लोकतांत्रिक मर्यादा जरूरी

सीजेपी के प्रदर्शन पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में हर व्यक्ति को अपनी बात रखने और विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है। उचित मुद्दों पर लोकतांत्रिक तरीके से किए जाने वाले प्रदर्शन पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। हालांकि, उन्होंने आरोप लगाया कि सीजेपी के प्रदर्शन के दौरान अभद्र भाषा और भद्दी गालियों का इस्तेमाल किया गया। उन्होंने सवाल उठाया कि सीजेपी के लोग देश के युवाओं के सामने कैसा उदाहरण प्रस्तुत करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि विरोध दर्ज कराते समय लोकतांत्रिक मर्यादाओं का पालन करना जरूरी है।

सत्ता में आने के लिए तड़प रही कांग्रेस : प्रदेशाध्यक्ष

उन्होंने कांग्रेस पर सत्ता के लिए संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आने के लिए तड़प रही है। सत्ता से बाहर रहना कांग्रेस को इतना मुश्किल लग रहा है कि वह इसके लिए किसी भी तरह के हथकंडे अपनाने को तैयार है। एसआईआर प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयुक्तों के संयुक्त बयान का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जब मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य दो चुनाव आयुक्त स्पष्ट कर चुके हैं कि उनके बीच कोई मतभेद नहीं था और एसआईआर की प्रक्रिया शुरू करने पर सहमति थी, तो इसके बाद भी कांग्रेस का विरोध समझ से परे है। डॉ. अर्चना गुप्ता ने कहा कि चुनाव आयुक्तों के बयान से स्थिति स्पष्ट हो चुकी है, लेकिन कांग्रेस इसके बावजूद सड़कों पर उतरकर देशभर में अराजकता फैलाने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और अन्य विदेशी ताकतें मिलकर भारत को अस्थिर करने का षड्यंत्र रच रही हैं।

उद्यमी लोगों के लिए करते हैं रोजगार सृजन : डॉ. गोयल



यमुनानगर। पुरस्कार प्राप्त कर स्टाफ सदस्यों के साथ खुशी जताते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

मुकंदलाल नेशनल कालेज यमुनानगर में एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट क्लब द्वारा बिजनेस प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नवाचारी व्यावसायिक विचार प्रस्तुत किए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मनोहर गोयल ने दीप प्रज्वलित करके प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन संस्कृति यादव व लविका कात्यालने किया। इस दौरान प्रतियोगिता में सात टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की संयोजक डॉ. सुनीला सिकरी ने बताया कि प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में राधे एंड टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, भूमिका एंड टीम ने द्वितीय और पर्ल एंड टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दर्शाया कि किस प्रकार नए विचारों को व्यावहारिक व्यावसायिक योजनाओं में बदलकर उद्यम स्थापित किए जा सकते हैं। मौके पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. मनोहर गोयल ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और उद्यमशीलता की संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमिता केवल स्वयं रोजगार प्राप्त करने तक सीमित नहीं है। बल्कि सफल उद्यमी अन्य लोगों के लिए भी रोजगार के अवसर पैदा करते हैं और देश की आर्थिक प्रगति में योगदान देते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को नौकरी तलाशने के साथ साथ रोजगार सृजित करने की सोच विकसित करने, नए विचारों पर काम करने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. महेश कुमार, डॉ. वकील सिंह, डॉ. भावना सेठी, डॉ. अमनदीप बत्रा व ईडीसी समन्वयक परवीन खुराना आदि ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

तीसरे नवरात्र पर मंदिरों में गूंजे मां के जयकारे

■ हजारों श्रद्धालुओं ने किए मां के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। मां के दर्शन करने के लिए लाइनों में खड़े मां के भक्त।

शरदीय नवरात्र के तीसरे नवरात्र पर मंगलवार को श्रद्धालुओं ने मां के मंदिरों में पहुंचकर मां के तीसरे स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की। इस दौरान भक्तों ने मां को नारियल और चुनरी चढ़ाकर पूजा अर्चना की और अपने परिवार की सुख शांति के लिए मन्नत मांगी। मंदिरों में श्रद्धालुओं के जय माता के जयकारों से दिन भर मां मय बना रहा वातावरण।

मंगलवार सुबह से ही श्रद्धालु शहर के प्राचीन श्रीदेवी मंदिर समेत जिले में स्थित मां के मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गए थे। इस दौरान मां के भक्तों ने मां के तृतीय स्वरूप चंद्रघंटा की पूजा की। उन्होंने नारियल, चुनरी व प्रसाद चढ़ाकर मन्नत मांगी। खास बात यह रही की मां आदि शक्ति जगत जननी के सभी मंदिरों में सुबह से लेकर शाम तक भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। शहर के प्राचीन श्रीदेवी मंदिर, बाला सुंदरी मंदिर, मां लक्ष्मी मंदिर, त्रिलोकपुर स्थित मां के मंदिर समेत अन्य मंदिरों में भक्तों ने पहुंचकर पूजा अर्चना की। दुर्गा माता मंदिर के पुजारी राजेश्वर ने बताया कि देवी चंद्रघंटा मां पार्वती का विवाहित रुप है। वह भगवान शिव से विवाह के बाद सिर पर अर्धचंद्र ग्रहण किए रहती हैं। मां चंद्रघंटा का तीसरा नेत्र हमेशा खुला रहता है। मान्यता है कि मां दुर्गा के तृतीय स्वरुप मां चंद्रघंटा की पूजा अर्चना करने से जीवन में आए समस्त दुखों से छुटकारा मिलता है। मां चंद्रघंटा साधक की हर मनोकामना पूर्ण करती हैं। मां चंद्रघंटा का आर्शीवाद पाकर साधक निर्भय और पराक्रमी होता है। मां चंद्रघंटा का स्वरुप स्वर्ण के समान चमकीला है। मां चंद्रघंटा के तीन नेत्र हैं और दस हाथ हैं। शेर पर सवार मां चंद्रघंटा अपने हाथों में धनुष, बाण, गदा, खड्ग, कमल व चक्र आदि लिए होती हैं। मां चंद्रघंटा की मुद्धा युद्धमुद्रा है और मां के सिर पर रत्न जड़ित मुकुट शोभायमान रहता है।

लिटिल विंग्स प्ले स्कूल ने जीती टायनी टाटस श्रेणी प्रतियोगिता

■ डीपीएस में अंतर प्ले स्कूल नृत्य प्रतियोगिता धूम धमाका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



यमुनानगर। दुर्गा स्तुति की प्रस्तुती देते हुए डीपीएस की छात्राएं। *फोटो : हरिभूमि*

दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर में अंतर-प्ले स्कूल नृत्य प्रतियोगिता धूम धमाका- 2026 का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नृत्य, ताल और अभिव्यक्ति व्यक्त करके सभी को आनंदित कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक हितेश गर्ग व प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया। मौके पर विद्यालय की छात्राओं ने दुर्गा स्तुति और लिटिल मिलेनियम प्ले स्कूल द्वारा गणेश वंदना प्रस्तुत की। प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने बताया कि कार्यक्रम में लिटिल किंगडम, कैम्ब्रिज मोंटेसरी (बराड़ा), लिटिल विंग्स, मदर ट्रस्ट, आर्य पब्लिक स्कूल, लिटिल लर्नर्स, आनंद पब्लिक स्कूल और डीपीएस यमुनानगर के नन्हें कलाकारों ने अपनी शानदार नृत्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। उन्होंने बताया कि टायनी टाटस श्रेणी की प्रतियोगिता में लिटिल विंग्स प्ले स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त प्रतियोगिता को जीत लिया। वहीं, कैंब्रिज मोंटेसरी प्ले स्कूल बराड़ा ने उपविजेता का स्थान हासिल किया।



निःशुल्क शिविर में जांचा 380 लोगों का स्वास्थ्य

यमुनानगर। जिला आयुष विभाग हरियाणा की ओर से पॉलिटेक्निक दामला में मंगलवार को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयुष्मान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ.अर्चना गुप्ता, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, जिलाध्यक्ष राजेश सपरा, नगर पार्षद उज्ज्वल सिंह व नेपाल सिंह राणा ने दीप प्रज्जवलित करके किया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों, संस्थान के कर्मचारियों तथा आसपास के गांवों के निवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना था। संस्थान के प्राचार्य संजीव सहगल ने विभागाध्यक्षों एवं वरिष्ठ संकाय सदस्यों के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन सामाजिक उत्तरदायित्व एवं जनकल्याण की भावना को साकार करते हैं तथा आसपास के क्षेत्रों के लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिविर का संचालन जिला आयुष अधिकारी डॉ.रजनीश व डॉ.ललित सैनी के मार्गदर्शन में उनकी चिकित्सा टीम द्वारा किया गया। शिविर के दौरान कुल 380 मरीजों की ओपीडी के अंतर्गत जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श किया गया। साथ ही विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा आसपास के गांवों से आए लोगों को आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गई।

युवाओं को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का मिल रहा लाभः प्रीति

■ उपायुक्त प्रीति ने युवाओं को योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



उपायुक्त प्रीति।

हरियाणा सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए किए जा रहे प्रयासों से लाभार्थियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। उपायुक्त प्रीति ने अनुसूचित जाति समेत अन्य वर्गों के पात्र युवाओं को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाए जाने के लिए आहवान किया। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि सरकार की लाभकारी योजनाएं जरूरतमंद लोगों के लिए काफी लाभदायक हैं। जो उन्हें स्वरोजगार के माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। जिनका युवाओं को लाभ उठाना चाहिए। मौके पर हरियाणा अनुसूचित जाति एवं वित्त विकास निगम के जिला प्रबंधक विजय कुमार ने बताया कि निगम द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत अनुदान राशि प्रदान कर ऋण उपलब्ध करवाने में मदद की जाती है ताकि लाभार्थी अपना स्वरोजगार चलाकर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार का उद्देश्य विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, स्वरोजगार को बढ़ावा देना और समाज के प्रत्येक वर्ग को विकास के समान अवसर उपलब्ध करवाना है।



तकनीकी शिक्षा के साथ रचनात्मक सोच विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए आवश्यक : डॉ. गर्ग

रादौर। जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में मंगलवार को अनुप्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग व क्रिएटिव फिंगर्स क्लब के सहयोग से आयोजित ग्लिच हंट प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों का सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने तकनीकी कौशल, तार्किक सोच, सूक्ष्म निरीक्षण, समस्या समाधान क्षमता और टीमवर्क का प्रभावी प्रदर्शन किया। निदेशक डॉ.एसके गर्ग ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को व्यावहारिक रूप से प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा के साथ रचनात्मक सोच, समस्या की पहचान करने की क्षमता और प्रभावी समाधान विकसित करने की समझ भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। रजिस्ट्रार डॉ.नवदीप चोपड़ा एवं डॉ.एलएस रीन ने भी विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए विजेता टीमों को बधाई दी। विजेता टीमों को उनकी उत्कृष्ट तकनीकी समझ, रचनात्मक सोच और टीमवर्क के लिए सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान, नवाचार समस्या समाधान को एक साथ प्रयोग करने का प्रभावी मंच प्रदान किया।



लाइक पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता में दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

यमुनानगर। लाइक पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रादौर में मंगलवार को कक्षा पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों के लिए आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता, कल्पनाशीलता एवं कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न आकर्षक चित्र, कलाकृतियाँ एवं सुंदर हस्तनिर्मित वस्तुएँ तैयार की। सभी विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशक्ति और कला-कौशल के माध्यम से अनूठी रचनाएँ प्रस्तुत की। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, एकाग्रता, आत्मविश्वास एवं कलात्मक कौशल को विकसित करना था। इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों को अपनी प्रतिभा पहचानने व उसे निखारने का अवसर प्रदान करती हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या नेहा देवी ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना की तथा उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

राजकीय विद्यालय अलाहर में हुई ब्लाकस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी

स्वदेशी कृषि पद्धतियों के माडल में छात्र लविश ने पाया प्रथम स्थान

प्रदर्शनी में स्मार्ट कृषि, कृत्रिम बुद्धिमता, गणितीय मॉडलिंग रहे आकृषण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर



रादौर। माडल्स का निरीक्षण करते हुए निर्णायक मंडल के सदस्य।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलाहर में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं साइंस ड्रामा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी रादौर इंदराज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्रदर्शनी में स्मार्ट कृषि, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, गणितीय मॉडलिंग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, आपदा प्रबंधन, हरित ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण तथा ग्रामीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित मॉडल विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इसी तरह हरित ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटावा गुरवीर सिंह ने प्रथम व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलाहर नमन ने द्वितीय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटावा जगमोहन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रामीण परिवर्तन के लिए विज्ञान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटावा के चक्षु ने प्रथम,राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटावा के दीप सिंह ने द्वितीय व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटावा छात्रा संध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साइंस ड्रामा प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जठलाना ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलाहर ने द्वितीय व पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोड़ी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

एआई एंड बेटर लाइफ में निखिल प्रथम

प्राचार्य मुकेश रोहिल ने बताया कि प्रदर्शनी में स्वदेशी कृषि पद्धतियां के माडल में राजकीय उच्च विद्यालय मसाना रांगड़ान के छात्र लविश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंटावा के छात्र अभय ने द्वितीय स्थान और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के छात्र देवांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, गणितीय मॉडलिंग एवं कम्प्यूटेशनल थिंकिंग में राजकीय उच्च विद्यालय मसाना रांगड़ान के बिंदल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलाहर के छात्र रिथिन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि एआई एंड बेटर लाईफ में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टोपरा कलां के छात्र निखिल ने प्रथम, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोड़ी सुमित ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। आपदा प्रबंधन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलाहर के विद्यार्थियों ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किए। स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सैनिटेशन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलाहर लक्ष्य ने प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटावा वायुश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

खबर संक्षेप



महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर पहुंचे इटली के प्रतिनिधि

कुरुक्षेत्र। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर में इटली प्रतिनिधिमंडल ने दौरा किया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के युवाओं को विदेश, खासकर इटली में रोजगार के नए अवसर दिलाना और अंतरराष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग मुहैया कराना है। इस प्रतिनिधिमंडल में 'रैंडस्टैड इटली' के टैलेंट डायरेक्टर अर्नाल्डो कैरिग्नानो, एसोसिएट डायरेक्टर रॉबर्टो मेनेघेलो, 'नीता एंड ब्रदर्स' (इटली) के चेयरमैन मलकीत सिंह और 'वर्ल्ड स्किल्स ऑर्गनाइजेशन, इंडिया' के चेयरमैन बीर कमल सिंह शामिल रहे।

नाटक कहां गए वो रिश्ते का मंचन आज

कुरुक्षेत्र। वर्तमान समय में तेजी से बदलते सामाजिक परिवेश में रिश्तों के बीच घटती संवेदनाओं, भावनात्मक जुड़ाव और अपनेपन को दशार्ने वाला नाटक कहां गए वो रिश्ते 14 अक्टूबर 2026 को शाम 6:30 बजे कला कीर्ति भवन में मंचित किया जाएगा। हरियाणा कला केंद्र द्वारा प्रायोजित इस नाटक को कुरुक्षेत्र की नाट्य संस्था कला सृष्टि मंच प्रस्तुत करेगी। नाटक का निर्देशन रंगमंच के जाने-माने कलाप्रेमी एवं अंतरराष्ट्रीय कलाकार बृज शर्मा ने किया है, जबकि इसका लेखन डॉ. ऋषि और संगीत डॉ. अमरजीत सिंह ने तैयार किया है।

जयराम विद्यापीठ में चल रहा है दुर्गा सप्तशती पाठ

थानेसर। श्रीजयराम विद्यापीठ नवरात्र महोत्सव के अवसर पर देशभर में फैली जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से निरंतर दुर्गा सप्तशती पाठ चल रहा है। अनुष्ठान के तीसरे दिन भी दुर्गा सप्तशती पाठ विद्वान ब्राह्मणों द्वारा विधिवत तौर पर किया गया। श्रीजयराम संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रणबीर भारद्वाज ने बताया कि मां भगवती अपने सच्चे भक्तों को जीवन में कष्टों से मुक्त कर अनंत सुख समृद्धि एवं धन ज्ञान के भंडार भरती हैं। निस्वार्थ भाव से किए पूजन एवं अनुष्ठान से मां भगवती असीम कृपा करती है।

छात्राओं ने किया महाभारत अनुभव केंद्र का भ्रमण

कुरुक्षेत्र। गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वारा विद्यार्थियों में ज्ञानवर्धन एवं भारतीय संस्कृति, इतिहास तथा धार्मिक परंपराओं से परिचित कराने के उद्देश्य से महाभारत अनुभव केंद्र, कुरुक्षेत्र का शैक्षिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण में विद्यालय के कुल 105 विद्यार्थी एवं 3 आचार्या दीदी सम्मिलित रहे।भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने महाभारत से संबंधित ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक घटनाओं को आधुनिक तकनीक, आकर्षक चित्रों, मूर्तियों तथा डिजिटल प्रस्तुतियों से जाना।

ऑल ओपन नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता

रेलवे और गुरुकुल मोर माजरा की टीम ने मारी बाजी

महिला-पुरुष वर्ग की 77 टीमों ने दिखाया दमखम, पुरस्कार राशि देकर बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला, कुरुक्षेत्र के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय ऑल ओपन नेशनल कबड्डी प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग की 77 टीमों ने भाग लिया। हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से पहुंचे खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के शामिल होने से मुकाबले रोमांचक रहे। पुरुष वर्ग में रेलवे की टीम ने खिताब अपने नाम किया, जबकि करसिंधु खेड़ा की टीम उपविजेता रही। इंडियन नेवी ने तीसरा और लाखन माजरा की टीम ने चौथा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में गुरुकुल मोर माजरा की टीम प्रथम रही। आईटीबीपी की टीम दूसरे, हिमाचल प्रदेश तीसरे और गांव पाई की टीम चौथे स्थान पर रही। महिला वर्ग में रुचि यादव को बेस्ट रेडर और कोमल को बेस्ट कैचर चुना गया। महिला वर्ग के मुकाबले 10 अक्टूबर को हुए, जिनमें 32 टीमों ने हिस्सा लिया। पुरुष वर्ग में 45 टीमों ने भाग लिया। 11 अक्टूबर को बारिश के कारण कुछ मुकाबले शेष रह गए थे, जिन्हें 12 अक्टूबर को करवाया गया।



कुरुक्षेत्र। विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथिगण।

कबड्डी प्रतियोगिता में पहुंचे दिग्गज

प्रतियोगिता के दौरान शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा, सांसद नवीन जिंदल, द्रोणाचार्य एवं भीम अवॉर्डी अंतरराष्ट्रीय कबड्डी कोच बलवान ढूंढवा सहित कई गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। उमा सुधा भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इस अवसर पर हरियाणा कबड्डी एसोसिएशन के चेयरमैन कुलदीप दलाल, जींद यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति डॉ. रणपाल तहलान और डॉ. नीलम छिक्कारा भी मौजूद रहीं। समापन अवसर पर मोहित मलिक, प्रेसिडेंट, बॉयलर बीडर्स एसोसिएशन नॉर्थ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, जनता ग्रुप मुख्य अतिथि रहे। मोनू पुनिया, एमडी हिमालय बिल्डिंग फॉर्म और रमेश मलिक, प्रधान, पानीपत सब्जी मंडी विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। द्रोणाचार्य एवं भीम अवॉर्डी कोच बलवान ढूंढवा ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं नई खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देती हैं। उन्होंने बताया कि उन्हें देश को 18 अंतरराष्ट्रीय पदक दिलवाने का गौरव प्राप्त है।

विजेताओं को किया सम्मानित

महिला-पुरुष वर्ग में समान पुरस्कार राशि प्रतियोगिता में महिला और पुरुष दोनों वर्गों के लिए समान पुरस्कार राशि रखी गई। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को एक लाख रुपये, दूसरे स्थान की टीम को 71 हजार रुपये तथा तीसरे और चौथे स्थान की टीमों को 21-21 हजार रुपये दिए गए। पांचवें से आठवें स्थान तक रहने वाली टीमों को 5,100-5,100 रुपये और बेस्ट रेडर व बेस्ट कैचर को भी 5,100-5,100 रुपये से सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला के प्रधान डॉ. कृष्ण श्योकंद ने अतिथियों, खिलाड़ियों, सहयोगियों और आयोजन समितियों का आभार जताया। प्रतियोगिता के आयोजन में अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला, स्वतंत्र समूह सेवा समिति, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय पूर्व छात्र एसोसिएशन तथा महाराजा सूरजमल वेलफेयर सोसाइटी, कैथल का सहयोग रहा।

जय भारत कला मंच की रामलीला में कलाकारों ने बांधा समां

राम वनवास के मंचन ने दर्शकों की आंखें की नम



लाडवा। जय भारत कला मंच द्वारा आयोजित रामलीला में अपनी रोल अदा करते कलाकार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

जय भारत कला मंच के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में राम वनवास का ऐसा अलौकिक, भावुक और रोंगटे खड़े कर देने वाला मंचन हुआ, जिसने भारतीय रामलीला मंचन के इतिहास में एक नया अध्याय लिख दिया है। मंच पर घटित विदाई के मर्मस्पर्शी घटनाक्रम को देखकर पंडाल में उपस्थित दर्शक भाव-विभोर हो गए और पूरा वातावरण अश्रुपूरित हो उठा। ऐसा लगा मानो दर्शक अपनी सुध-बुध खोकर साक्षात त्रेतायुग के उस हृदयविदारक क्षण से सीधे जुड़ गए हो। इस ऐतिहासिक मंचन में कलाकारों ने अपने अभिनय से मानो पात्रों में प्राण ही फूंक दिए। महाराजा दशरथ के पुत्र-वियोग की मार्मिक वेदना में रॉकी शर्मा, कैकेयी के कठोर और अडिग हठ में विशाल भारद्वाज, मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की सौम्यता और मयार्दा में विक्की मलिक, माता कौशल्या के छलकत वात्सल्य में सुमित सैनी, माता सीता के निश्चल त्याग में सागर वर्मा और भ्रातृ-प्रेम की मिसाल बनते लक्ष्मण के किरदार में हन्नी शर्मा ने अभिनय का वो स्तर प्रस्तुत किया जो सदियों तक याद रखा जाएगा। इस अवसर पर भारी संख्या में लोगों ने पहुंचकर रामलीला का आनंद उठाय।

भरत मिलाप का भावुक मंचन



लाडवा। श्रीराम हनुमान रामलीला समिति द्वारा आयोजित प्रभु श्री रामलीला मंचन में गत रात्रि भरत मिलाप की भावुक लीला का मंचन किया गया। इस दौरान भगवान श्री राम और उनके छोटे भाई भरत के अटूट प्रेम, त्याग, समर्पण और मयार्दा ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। विशेष रूप से सगे भाइयों की जोड़ी द्वारा निभाए गए किरदारों ने ऐसा जीवंत दृश्य प्रस्तुत किया कि कई बार दर्शक अपनी आंखों से आंसू पोंछते नजर आए। मंचन के प्रारम्भ में ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल व साईग्रेस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से समां बांधा। गत रात्रि की रामलीला का शुभारंभ भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री मोनिका बंसल तथा समाजसेवी मुकेश गर्ग ने अपने परिवार सहित भगवान श्री राम, माता सीता और लक्ष्मण की आरती करके किया। आरती के पश्चात मोनिका बंसल ने कहा कि भरत मिलाप केवल रामलीला का एक प्रसंग या धार्मिक नाटक का हिस्सा नहीं, बल्कि संपूर्ण जीवन को दिशा देने वाली प्रेरणादायक सीख है। नौवें दिन के मंचन में भरत को स्वप्न में भगवान श्री राम, लक्ष्मण और माता सीता के वन गमन के दर्शन होने से लेकर अयोध्या पहुंचकर वहां के हालात देखकर चिंतित होने तक के दृश्यों ने दर्शकों को कथा से बांधे रखा। वन में भगवान श्री राम और भरत का मिलन मंचन का सबसे भावुक दृश्य रहा।

हुड्डा पार्ट वन सेक्टर-1 के खाली प्लॉटों में गंदगी और जलभराव से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शाहबाद

नगर के हुड्डा पार्ट वन सेक्टर-1 के साथ लगते खाली प्लॉटों में गंदगी, कांग्रेस घास और कबाड़ जमा होने से आसपास के दुकानदारों और निवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ प्लॉटों में घरों से निकलने वाला गंदा पानी लंबे समय तक जमा रहता है। इससे मच्छरों के पनपने और डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय दुकानदारों और कॉलोनीवासियों का कहना है कि खाली प्लॉटों में सफाई और पानी की निकासी की उचित व्यवस्था होने से इस समस्या को काफी हद तक दूर किया जा सकता है। लोगों ने संबंधित विभाग का ध्यान इस ओर आकर्षित करते हुए कहा कि क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी और आवश्यक सफाई कार्य किया जाना चाहिए। कॉलोनीवासियों और दुकानदारों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि संबंधित अधिकारी मौके का निरीक्षण करें और आवश्यकता के अनुसार खाली प्लॉटों में जमा गंदे पानी की निकासी, कांग्रेस घास की कटाई तथा कबाड़ और कचरे को हटाने की व्यवस्था करवाएं। लोगों का मानना है कि समय रहते उचित कदम उठाए जाने से क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने और मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद मिलेगी। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि संबंधित अधिकारी उनकी समस्या पर ध्यान देते हुए आवश्यक कार्रवाई करेंगे, ताकि दुकानदारों और निवासियों को राहत मिल सके।



शाहबाद। खाली प्लॉटों में खड़ी कांग्रेस घास।

विद्यार्थियों ने टेकथॉन व ज्ञान-विज्ञान मेले में मनवाया प्रतिभा का लोहा

कुरुक्षेत्र। श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों ने विद्या भारती की ओर से आयोजित राष्ट्रीय टेकथॉन-2026 और प्रांतीय ज्ञान-विज्ञान मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों ने गणित और विज्ञान की विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार हासिल किए, वहीं दो विद्यार्थियों के नवाचारी प्रोजेक्ट का चयन अगले चरण के लिए हुआ है। ये विद्यार्थी विशेष मेंटरशिप कार्यक्रम पूरा करने के बाद आईआईटी रुड़की में अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे। विद्या भारती की ओर से आयोजित राष्ट्रीय टेकथॉन-2026 में विद्यालय की पांच टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं के छात्र दिग्विजय और कक्षा 11वीं के छात्र ओशियन ने रक्षा प्रणाली (डिफेंस सिस्टम) विषय के अंतर्गत स्मार्ट बंकर एंड मिसाइल टैंकर सिस्टम प्रोजेक्ट तैयार किया। दोनों विद्यार्थियों ने वीडियो और दो मिनट की ऑनलाइन स्क्रीनिंग प्रक्रिया सफलतापूर्वक पार की। इसके बाद उनके प्रोजेक्ट का अगले चरण के लिए चयन किया गया। अब दोनों विद्यार्थी एक महीने के विशेष मेंटरशिप कार्यक्रम के बाद आईआईटी रुड़की में अपने प्रोजेक्ट की प्रस्तुति देंगे। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य अनिल मदान और समस्त आचार्यों ने सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा मार्गदर्शक अध्यापकों को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और आईआईटी रुड़की में होने वाली आगामी प्रस्तुति के लिए शुभकामनाएं दीं।



सुपर-100 संस्थान में छात्र को 12 डंडे मारे, हाथ में फ्रैक्चर होने का आरोप



कुरुक्षेत्र। बारना स्थित सुपर-100 संस्थान में 11वीं कक्षा के एक विद्यार्थी ने वार्डन पर कान पकड़कर 12 डंडे मारने का आरोप लगाया है। छात्र का दावा है कि पिटाई के कारण उसके हाथ में फ्रैक्चर हो गया। पीटीएम के दौरान छात्र ने अपने परिजनों के सामने यह शिकायत रखी, जिसके बाद परिवार ने संबंधित वार्डन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मामला सामने आने के बाद संस्थान की व्यवस्थाओं को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। छात्र के अनुसार, वह एक लाइन से दूसरी लाइन में जा रहा था। उससे पहले कुछ अन्य विद्यार्थी भी दूसरी लाइन में गए थे। जब वह लाइन बदलने लगा तो वार्डन ने उसे देख लिया। छात्र का आरोप है कि वार्डन ने उसका कान पकड़कर उसे सीधा खड़ा किया और इसके बाद लगातार 12 डंडे मारे। छात्र के हाथ पर पट्टी बंधी हुई है। परिजनों ने मामले की जांच करवाकर जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

लिखित शिकायत नहीं मिली: डिप्टी डीईओ

डिप्टी डीईओ तरसेम कौशिक ने कहा कि उनके पास अभी तक इस मामले में कोई लिखित शिकायत नहीं आई है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो प्रसारित हो रहा है। वही हरियाणा सुपर-100 कार्यक्रम एवं विकल्प फाउंडेशन ट्रस्ट के संचालक नवीन मिश्रा ने कहा कि कार्यक्रम में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुना जाता है।

दयालपुर में 100 गज के प्लॉट काटने की मांग, डीडीपीओ को सौंपा ज्ञापन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- 300 से अधिक ग्रामीणों ने ऑनलाइन भरे थे आवेदन, पात्र परिवारों को प्लॉट देने की उठाई मांग

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ओबीसी विभाग के पूर्व प्रदेश संयोजक एवं पानीपत जिला प्रभारी प्रवीण कश्यप ने गांव दयालपुर में पात्र परिवारों को 100-100 गज के प्लॉट देने की मांग को लेकर डीडीपीओ कुरुक्षेत्र को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि सरकार की प्लॉट आवंटन योजना के तहत गांव के पात्र लोगों को जल्द प्लॉट उपलब्ध करवाए जाएं। ज्ञापन में प्रवीण कश्यप ने कहा कि हरियाणा सरकार की योजना के तहत प्रदेश के ग्रामीणों से ऑनलाइन प्लॉट आवंटन के लिए आवेदन भरवाए गए थे। गांव दयालपुर में भी 300 से अधिक लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किए थे, लेकिन काफी समय बीतने के बावजूद ग्रामीणों को प्लॉट नहीं मिले हैं। उन्होंने कहा कि गांव के कई परिवारों को रहने के लिए पर्याप्त जगह की जरूरत है। परिवारों का आकार बढ़ने के कारण एक ही घर में रहना मुश्किल हो रहा है। ऐसे में पात्र परिवारों को 100 गज के प्लॉट उपलब्ध करवाना जरूरी है। प्रवीण कश्यप ने प्रशासन से आग्रह किया कि गांव दयालपुर में योजना के तहत प्लॉट आवंटन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए।



ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर विरोध जारी रखेगी कांग्रेस : लक्ष्मीकांत शर्मा



कुरुक्षेत्र। वोट चोरी के आरोपों को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग के समर्थन में कांग्रेस की ओर से दिल्ली में प्रदर्शन किया गया। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने प्रदर्शन में शामिल होने के बाद कहा कि दिल्ली की सड़कों पर बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी ने चुनाव प्रक्रिया और लोकतंत्र से जुड़े मुद्दों पर जनता की चिंता को उजागर किया है। उनके साथ कांग्रेस नेता सुरेंद्र पौजी भी मौजूद रहे। लक्ष्मीकांत शर्मा ने आरोप लगाया कि भाजपा चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के सहारे वोट चोरी कर सरकारें बना रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व और बहन कुमारी शैलजा के आह्वान पर हरियाणा से युवाओं, महिलाओं, व्यापारियों और किसानों ने प्रदर्शन में भाग लिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का वोट बचाओ, लोकतंत्र बचाओ अभियान मताधिकार की सुरक्षा और चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग को लेकर है। शर्मा ने कहा कि कांग्रेस मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर अपना विरोध जारी रखेगी। उनके अनुसार, लोकतंत्र की रक्षा और मतदाताओं के अधिकारों को सुरक्षित रखना पार्टी की प्राथमिकता है।

मां भद्रकाली शक्तिपीठ में मां चंद्रघंटा की आराधना, श्रद्धालुओं ने प्रसाद किया ग्रहण

कुरुक्षेत्र। शारदीय नवरात्र के तीसरे दिन शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंदिर में आयोजित नवरात्रि अन्नपूर्णा भंडारे और व्रत भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर मां का आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर मां के जयकारों, मंत्रोच्चार और भक्ति भाव से सराबोर रहा। प्रातःकालीन आरती में मुख्य पुजारिन शिमला देवी ने मां भद्रकाली का श्रृंगार किया। इस दौरान ॐ चंद्रघंटायै नमः मंत्र के साथ मां चंद्रघंटा की आराधना की गई। मंगला आरती में सेवक मंडल के संयोजक सुनील वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मंदिर के पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा ने मां चंद्रघंटा के धार्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि माता के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र सुशोभित है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मां चंद्रघंटा की आराधना से भक्तों को साहस, शांति और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। मंदिर में सुबह 10 बजे कृष्ण एवं सजल अग्रवाल और दोपहर 12 बजे तरसेम सिंह की ओर से नवरात्रि व्रत भंडारा आयोजित किया गया। वहीं, अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन सुबह 10 बजे रमेश एवं अशोक कुमार और दोपहर 12 बजे अंकित अग्रवाल की ओर से किया गया। दोनों भंडारों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।



पीएम राहत योजना के तहत आदेश में दुर्घटना पीड़ितों को मिला रहा उपचार : डा गिल

कुरुक्षेत्र/ शाहबाद। सड़क दुर्घटना में घायलों को समय पर उपचार उपलब्ध करवाने के लिए केंद्र सरकार की पीएम राहत योजना के तहत मोहड़ी स्थित आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में कैशलेस उपचार की सुविधा दी जा रही है। अस्पताल के प्रबंधक डॉ. गुणतास सिंह गिल ने बताया कि योजना के तहत अब तक 166 से अधिक गंभीर घायलों का उपचार कर उनकी जान बचाई जा चुकी है। पात्र दुर्घटना पीड़ितों को नियमानुसार अधिकतम 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार मिलता है। राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर स्थित अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर, आईसीयू और आधुनिक जीवनरक्षक सुविधाएं उपलब्ध हैं। दुर्घटना के बाद सात दिनों तक निर्धारित सीमा में आपातकालीन उपचार का खर्च कवर किया जाता है।



कार्यक्रम रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने गरबा-डांडिया से बांधा समां

महिलाओं ने साझा कीं पर्व की खुशियां

रोटरी क्लब कुरुक्षेत्र के डांडिया महोत्सव में महिलाओं ने बिखेरे संस्कृति के रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हाथों में डांडिया, रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधान और गरबा की धुनों पर थिरकते कदमों ने पिपली रोड स्थित सैफ्रॉन होटल में नवरात्रि के उत्साह को जीवंत कर दिया। शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन रोटरी क्लब कुरुक्षेत्र, डिस्ट्रिक्ट 3080 की ओर से आयोजित भव्य डांडिया महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। आस्था, संगीत और भारतीय संस्कृति के रंगों से सजे आयोजन में महिलाओं ने जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे के साथ पर्व की खुशियां साझा कीं। पारंपरिक भारतीय परिधानों में सज-धजकर पहुंचीं महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। संगीत की धुनों पर सामूहिक गरबा और डांडिया नृत्य ने पूरे परिसर को उत्सव के रंग में रंग दिया। डांडिया की खनक और महिलाओं की उल्लासपूर्ण भागीदारी ने महोत्सव की रौनक बढ़ाई।



कुरुक्षेत्र। डांडिया महोत्सव में मौजूद महिलाएं।

सुख, शांति और खुशहाली की कामना की

इस अवसर पर रोटरी क्लब की फर्स्ट लेडी सोनिया काठपाल ने सभी महिलाओं का स्वागत करते हुए नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि माता रानी की कृपा से दूसरे नवरात्र के पावन अवसर पर आयोजित इस महोत्सव को महिलाएं पूरे उत्साह और धूमधाम से मना रही हैं। उन्होंने अपनी पूरी टीम की ओर से शहर के प्रत्येक परिवार के सुख, शांति और खुशहाली की कामना की तथा सभी पर माता रानी का आशीर्वाद बना रहने की प्रार्थना की। क्लब के प्रधान लक्की काठपाल, सचिव वरुण कपूर और कोषाध्यक्ष डॉ. दीपक अग्रवाल के नेतृत्व में रोटरी क्लब कुरुक्षेत्र सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभा रहा है। कई दशकों से समाज सेवा में योगदान दे रहा क्लब ऐसे आयोजनों के माध्यम से आपसी मेलजोल बढ़ाने और सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का प्रयास भी कर रहा है। महोत्सव में रोटरी असिस्टेंट गवर्नर रितु ढींगरा, रश्मि कपूर, डॉ. दीप्ति अग्रवाल सहित क्लब से जुड़ी महिलाओं की उपस्थिति रही। सभी ने एक-दूसरे को नवरात्रि की बधाई दी और उत्साह के साथ डांडिया व गरबा में हिस्सा लिया। आयोजन में आस्था और संस्कृति के साथ सामूहिक उल्लास का खूबसूरत संगम देखने को मिला।

खबर संक्षेप

स्वस्थ त्वचा के लिए संतुलित आहार लें

नारायणगढ़। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालयमें प्राचार्य रोहित कुमार की अध्यक्षता में महिला प्रकोष्ठ के द्वारा छात्राओं को सौंदर्य एवं त्वचा की देखभाल से संबंधित व्यावहारिक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से 10 दिवसीय ब्यूटीशियन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला के दौरान ब्यूटीशियन विशेषज्ञ सीमा कालरा द्वारा छात्राओं को सौंदर्य प्रसाधनों की जानकारी, डी-टैन प्रक्रिया, फेशियल, स्वस्थ त्वचा के लिए संतुलित आहार, घरेलू त्वचा देखभाल तथा सीटीएम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

छात्रों को दी बैंकिंग की जानकारी

शहजादपुर। महारानी पद्मावती राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी के मार्गदर्शन में वाणिज्य विभाग एवं यूथ रेड क्रॉस (वाईआरएस) के संयुक्त तत्वावधान में यूथ कनेक्टः यूथ सेविंग अकाउंट एवं बेसिक फाइनेंशियल नॉलेज शेयरिंग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा युवाओं को बैंकिंग सेवाओं से जोडऩे तथा उनमें वित्तीय जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किए गए यूथ-केंद्रित अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई। कार्यशाला में संसाधन व्यक्ति राधिका कक्कड़ ने छात्राओं को बचत खाते के महत्व, बैंकिंग सेवाओं, बचत की आदत विकसित करने, धन के उचित प्रबंधन तथा वित्तीय साक्षरता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

ठगी का प्रयास करने वाला गिरफ्तार

अंबाला। आर्थिक अपराध शाखा टीम ने सेक्टर-8 में स्थित मकान को जाली दस्तावेजों के आधार पर अपने नाम करवाने की कोशिश करने के मामले कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। जांच अधिकारी ने बताया कि पीड़ति महिला ने 30 अप्रैल 2026 को शिकायत दी थी कि आरोपी राजमणि व अन्य ने जाली दस्तावेजों के आधार पर मकान अपने नाम करवाने की कोशिश की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच आर्थिक अपराध शाखा को सौंप दी थी। पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर अब आरोपी राजमणि को गिरफ्तार किया गया है।

लड़ाई-झगड़े के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना अंबाला छावनी पुलिस ने जनता स्वीटस के पास मारपीट कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी सुभाष कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता हर्ष ने 20 अगस्त 2026 को शिकायत दी थी कि जनता स्वीट्स के पास आरोपी जैद व अन्य लड़कों ने उससे लड़ाई-झगड़ा कर चोट पहुंचाते हुए जान से मारने की धमकी दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के दौरान यूपी के रहने वाले आरोपी जैद को गिरफ्तार किया है।

स्वयं सहायता समूह की दस महिलाएं ऊन से बने उत्पाद तैयार कर बेच रही खुले बाजार में

खुद के हुनर से आर्थिक संपन्नता की ओर बढ़ रहीं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारायणगढ़

हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं के लिए आर्थिक आत्मनिर्भरता का मजबूत जरिया बन रहे हैं। गांव भरेड़ी खुर्द का सक्षम स्वयं सहायता समूह इसका प्रेरणादायक उदाहरण है। करीब डेढ़ वर्ष पहले गठित इस समूह से जुड़ी महिलाएं अपने हुनर के माध्यम से विभिन्न प्रकार के उत्पाद तैयार कर रही हैं। उन्हें मेलों एवं अन्य आयोजनों में बिक्री के लिए ले जाकर आमदनी अर्जित कर रही हैं। सक्षम स्वयं सहायता समूह में प्रधान शोभा सहित कुल 10 महिलाएं सदस्य हैं। समूह की अन्य सदस्यों में मीनू देवी, अनीता, मनजीत कौर, दीप्ति, अमरजीत कौर, नरेंद्र कौर, ऊषा रानी, चलती देवी और सुनीता देवी शामिल हैं। समूह की अधिकांश महिलाएं शिक्षित हैं। अपने हुनर को स्वरोजगार का माध्यम बनाकर परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में योगदान दे रही हैं।



समूह की प्रधान सोभा ऊन से तैयार उत्पाद दिखाते हुए।

ऊन से तैयार कर रहीं आकर्षक उत्पाद

समूह की महिलाएं अपनी रुचि और हुनर के अनुसार ऊन के स्वेटर, टोपी, कान्हा जी की पोशाक, ऊन के मोबाइल कवर, की-चेन, फ्लावर तथा अन्य हस्तनिर्मित सामान तैयार करती हैं। महिलाओं द्वारा तैयार किए गए इन उत्पादों को विभिन्न मेलों एवं आयोजनों में बिक्री के लिए ले जाया जाता है। महिलाओं ने बताया कि सेवा सेतु कैंप, गीता जयंती, सरस मेले सहित अन्य आयोजनों में उन्हें अपने उत्पाद प्रदर्शित करने और बेचने का अवसर मिलता है।

बैंक से मिला डेढ़ लाख रुपये का ऋण

समूह की महिलाओं को अपने कार्य को आगे बढ़ाने के लिए बैंक की ओर से रियायती दर पर करीब डेढ़ लाख रुपये का ऋण भी उपलब्ध करवाया गया है। इस आर्थिक सहायता से समूह की महिलाएं अपने काम के लिए आवश्यक सामग्री खरीदने तथा उत्पाद तैयार करने के कार्य को आगे बढ़ा रही हैं। महिलाओं का कहना है कि पहले उनका हुनर घर तक सीमित था लेकिन स्वयं सहायता समूह से जुडने के बाद उन्हें अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने का अवसर मिला। इससे न केवल उनकी आमदनी बढ़ी है बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी आया है।

महिलाओं में बढ़ा आत्मविश्वास

समूह की प्रधान शोभा ने बताया कि स्वयं सहायता समूह बनने से महिलाओं को एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करने का अवसर मिला है। समूह की महिलाएं मिलकर उत्पाद तैयार करती हैं तथा मेलों और अन्य आयोजनों में उन्हें बिक्री के लिए ले जाती हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में समूह की ओर से और अधिक उत्पाद तैयार कर उन्हें बड़े बाजार तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। समूह की सदस्य मीनू देवी, अनीता, मनजीत कौर और अन्य महिलाओं ने बताया कि स्वयं सहायता समूह से जुडने के बाद उन्हें अपने हुनर को पहचान मिली है। घर के कामकाज के साथ-साथ वे अपने समय का सदुपयोग कर हस्तनिर्मित सामान तैयार करती हैं। इससे उन्हें आर्थिक लाभ के साथ-साथ आत्मविश्वास और पहचान भी मिली है। बीपीएम गुलशन कुमार ने बताया कि हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोडकर उन्हें स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ाया जा रहा है। समूहों को प्रशिक्षण, बैंक लिंकेज और बाजार उपलब्ध करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि महिलाएं अपने हुनर को व्यवसाय का रूप दे सकें। उन्होंने कहा कि सक्षम स्वयं सहायता समूह की महिलाएं जिस तरह हस्तनिर्मित उत्पाद तैयार कर उन्हें मेलों में बिक्री के लिए ले जा रही हैं, वह अन्य ग्रामीण महिलाओं के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों का उद्देश्य महिलाओं को केवल आर्थिक सहायता देना ही नहीं, बल्कि उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करना, निर्णय लेने में सक्षम बनाना और परिवार की आय बढ़ाने में भागीदार बनाना भी है।

स्वरोजगार के नए अवसर तलाशें

समूह की प्रधान शोभा ने महिलाओं से अपील की कि वे अपने पारंपरिक हुनर और स्थानीय संसाधनों का उपयोग करते हुए स्वरोजगार के नए अवसर तलाशें। मिशन के माध्यम से उन्हें उपलब्ध सुविधाओं एवं योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विभाग की ओर से आवश्यक सहयोग प्रदान किया जा रहा है। समूह की महिलाओं की सफलता यह दर्शाती है कि यदि ग्रामीण महिलाओं को हुनर, प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार से जोड़ा जाए तो वे न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बन सकती हैं, बल्कि अपने परिवार और गांव की आर्थिक प्रगति में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

जेई को घेरा, शिकायत के बावजूद कार्रवाई न करने का आरोप

गीता नगर में पानी का संकट सड़क पर उतर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर की गीता नगरी क्षेत्र में पानी की गंभीर किल्लत से परेशान लोगों का सब्र जवाब दे गया। पिछले करीब एक महीने से घरों में पर्याप्त पानी न आने से गुस्साए स्थानीय निवासी और महिलाएं सड़कों पर उतर आए। प्रदर्शनकारियों ने मौके पर पहुंचे जनस्वास्थ्य विभाग के जूनियर इंजीनियर को घेर लिया। प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान की पुरजोर मांग की। महिलाओं का कहना है कि उन्हें पीने और रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए भी पानी नसीब नहीं हो रहा है। टैंकरों से पानी मंगवाना उनकी मजबूरी बन गया है, लेकिन इससे जरूरत पूरी नहीं हो रही। महिलाओं को दूर-दूर से पानी भरकर लाना पड़ रहा है। पानी ढोते समय एक महिला के घुटनों में चोट लगने की बात भी सामने आई है। लोगों का आरोप है कि वे कई बार एक्सईएन और एसडीओ को लिखित शिकायत दे चुके हैं लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला। करीब एक साल पहले नया ट्यूबवेल लगाने के लिए आवेदन भी दिया गया था पर कोई ठोस राहत नहीं मिली। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि विभाग के कर्मचारियों के पास पाइपलाइन का सही नक्शा न होने के कारण जगह-जगह जेसीबी से सड़कें खोदी जा रही हैं। इससे सड़कें क्षतिग्रस्त हो रही हैं और लोगों की मुश्किलें कम होने के बजाय और बढ़ रही हैं। मौके पर पहुंचे जेई ने बताया कि गीता नगरी का ट्यूबवेल रेत आने की वजह से फेल हो गया था, जबकि एसडीओ ने स्पष्ट किया कि यह क्षेत्र पहले नहरी पानी की सप्लाई से नहीं जुड़ा था। एसडीओ ने भरोसा दिलाया कि गीता नगरी की गलियों को नहरी पानी की सप्लाई से जोड़ा जा रहा है। दो-तीन गलियों में काम पूरा होते ही सोमवार रात तक जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी। इसके अलावा, नया ट्यूबवेल लगाने का टेंडर हो चुका है।



अंबाला। पानी की लाइन ठीक करने के लिए जेसीबी सड़क की खुदाई करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

दैनिक कार्य प्रभावित

अंबाला। गीता नगरी में पिछले एक महीने से पानी की किल्लत से सबसे ज्यादा महिलाएं व बच्चे परेशान हैं। महिलाओं को रसोई के साथ कपड़े धोने के लिए पानी की बेहद जरुरत होती है। मगर पानी की सप्लाई न होने से महिलाएं न तो ठीक ढंग से रसोई का काम कर पा रही हैं न ही कपड़ों की नियमित धुलाई हो रही है। महिलाओं ने बताया कि उन्हें पानी की इधर उधर से जरुरत पूरी करनी पड़ रही है जबकि पीने का पानी उन्हें खरीदना पड़ रहा है। बच्चों को भी पर्याप्त पानी न होने से बेहद दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। ज्यादातर बच्चों का कहना है कि स्कूल में जाते समय उन्हें बिना नहाए ही जाना पड़ रहा है। महिलाओं ने बताया कि घरों में पीने और रोजमर्रा के इस्तेमाल के लिए पानी तक नहीं मिल रहा। उन्हें बाहर से पानी भरकर लाना पड़ता है।

डॉ.नीरू मित्तल 'नीर' को मिला लघु-कविता रत्न सम्मान 2026

- वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. नीरू की पुस्तकों का विमोचन और सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

अखिल भारतीय प्रेरणा साहित्य एवं शोध संस्थान, कुरुक्षेत्र एवं हरियाणा प्रादेशिक लघुकविता मंच, सिरसा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित लघुकविता कुंभ के शुभ अवसर पर डॉ. नीरू मित्तल 'नीर' की दो आलोचनात्मक पुस्तकों- 'डॉ. मधुकांत का काव्य साहित्य-समीक्षा सन्दर्भ' और 'समकालीन साहित्य आलोचना- एक दृष्टि' का विमोचन डॉ. मधुकांत अध्यक्ष, प्रज्ञा साहित्यिक मंच रोहतक, प्रोफेसर बाबूराम, हिंदी विभागाध्यक्ष, बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, डॉ. अंजना गर्ग, पूर्व अध्यक्ष, लोक प्रशासन विभाग, एम डी यूनिवर्सिटी रोहतक, प्रो. रूप देवगुण, डॉ. जय भगवान सिंगला और प्रेम विज आदि महान साहित्यकारों की उपस्थिति में भव्य तरीके से किया गया। अवसर पर हरियाणा प्रादेशिक लघुकविता मंच, सिरसा की तरफ से डॉ. नीर को लघुकविता के विकास, संवर्द्धन एवं सृजन में महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु लघुकविता रत्न सम्मान - 2026 और हरियाणा प्रादेशिक लघुकविता मंच, फरीदाबाद (हरियाणा) की ओर से 'जज़्बातों की मोमबत्तियाँ' लघुकविता संकलन के भव्य लोकार्पण पर लघुकविता श्रीमणि सम्मान - 2026 से सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य है कि डॉ. नीरू मित्तल नीर की बीस किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा उनकी पुस्तकों का मराठी, पंजाबी और इंग्लिश में अनुवाद भी हुआ है। बाबा मस्तनाथ यूनिवर्सिटी में उनके साहित्य पर पीएचडी के लिए शोध कार्य जारी है।



धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना नग्गल पुलिस ने गांव बकनौर में विदेश भेजने के नाम पर 70 लाख की धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी जनकराज ने बताया कि पीड़ति महिला ने 28 अगस्त 2026 को शिकायत दी थी कि 1 जून 2024 से 3 मार्च 2025 के बीच आरोपी जगीर सिंह व अन्य ने उसके भतीजे को विदेश भेजने का झांसा देकर उससे 70 लाख रुपये हड़प लिए।

सब्जी खरीदकर घर लौट रही बुजुर्ग महिला के कानों से बालियां छीनकर बाइक सवार फरार

अंबाला। अंबाला शहर में शाम मानव चौक सब्जी मंडी से सब्जी खरीदकर घर लौट रही 75 साल की बुजुर्ग महिला के कानों से बालियां झपटकर बाइक सवार फरार हो गए। महिला का आरोप है कि नरूला डेयरी के पास गली में पीछे से आए युवक ने उसके दोनों कानों से सोने की बालियां झपट लीं। महिला के मुताबिक, बालियां करीब 10 ग्राम की थीं। झपटी गई सोने की बालियों की कीमत 62 हजार रुपए बताई गई है। पीड़ित महिला गुरमीत कौर मिलाप नगर की रहने वाली है। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शाम करीब 6 बजे वह मानव चौक की सब्जी मंडी से सब्जी खरीदकर पैदल घर लौट रही थीं। जब वह नरूला डेयरी के पास पहुंचीं तो पीछे से एक युवक आया। वह उनके कानों से बालियां खींचकर भाग गया। महिला ने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। वारदात के समय मौके पर मौजूद महिला नीत कौर ने बताया कि उन्होंने युवक को वहां से गुजरते हुए देखा था। बालियां झपटने के बाद पीड़ित महिला ने शोर मचाया और लोगों से मदद मांगी। महिला के मुताबिक, बुजुर्ग ने बताया कि कोई उनकी बालियां छीनकर ले गया है।

महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना प्राथमिकताः डीसी

- लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम, प्रतिषेध एवं निवारण अधिनियम के अंतर्गत गठित स्थानीय समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

उपायुक्त सतपाल शर्मा की अध्यक्षता में महिलाओं के कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न की रोकथाम, प्रतिषेध एवं निवारण अधिनियम के अंतर्गत गठित स्थानीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के कार्यों की समीक्षा भी की गई । बैठक के दौरान उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्थानीय समिति के समक्ष प्राप्त शिकायतों का निपटारा अधिनियम के प्रावधानों एवं निर्धारित नियमों के अनुसार समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निवारण की प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और गोपनीयता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि शिकायतकर्ताओं को न्यायसंगत समाधान मिल सके। उन्होंने स्थानीय समिति को निर्देश दिए कि वह अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी गंभीरता एवं प्रभावी ढंग से करे तथा प्रत्येक शिकायत पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करे। बैठक में महिलाओं को सुरक्षित और सम्मानजनक कार्य वातावरण उपलब्ध करवाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया । डीसी ने कहा कि कार्यस्थल पर महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करना और उनकी शिकायतों का उचित निवारण सुनिश्चित करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप सुचारू रूप से संचालित की जाए।

भाजपा ने राहुल गांधी का फूंका पुतला 'कांग्रेस पार्टी शर्म करो' के लगाए नारे

- भाजपा नेत्रियों ने कांग्रेस सांसद के इस्तीफे और पार्टी से निष्कासन की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

पंचकूला जिला संगठन की सैकड़ो महिला मोर्चा नेत्रियों, पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओ और आम नागरिको ने जेएनयू की 11 छात्राओं से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न मामले में कांग्रेस सांसद प्रो. अंगोमचा बिमोल अकोइजाम के खिलाफ जोरदार रोष प्रदर्शन किया, 'कांग्रेस पार्टी शर्म करो' के नारे लगाए और राहुल गांधी का पुतला फूंका। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस सांसद के तत्काल इस्तीफे और कांग्रेस पार्टी से निष्कासन की मांग की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, विधायिका शक्ति रानी शर्मा, महापौर श्याम लाल बंसल, चेयरमैन ओमप्रकाश देवीनगर, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बबली शर्मा, पवन कुमारी, अनुराधा वर्मा, सरु डिमरी, पुष्पा सिंहरोहा, पम्मी कोहली, सुनीता नेगी, दीपा शाही, कमला श्रीवास्तव, क्षमा शर्मा, मीनाक्षी, उर्मिल, सुनीता नेगी, रीता पांडेय, वंदना जिंदल, जिला महामंत्री जय कौशिक, उपाध्यक्ष सुरेश वर्मा सहित तमाम नेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों की आवाज को मजबूती से उठाने के लिए उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन महिलाओं के सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है।

शक्ति रानी शर्मा ने बोला हमला

इस मौके पर कालका विधायिका शक्ति रानी शर्मा ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों की बात करने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा इस मामले में अपने सांसद के खिलाफ कड़ा कदम उठाने की बजाए चुप्पी साधना बेहद शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा से जुड़े मामलों में राजनीतिक नेतृत्व की जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेत्री प्रियंका गांधी वाड्रा चुनावों में 'लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा लगाती हैं, लेकिन अपनी ही पार्टी के सांसद पर नारी उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप सामने आने पर चुप्पी साध लेती है।

बगैर मंजूर नक्शे के बन रहे भवन को निगम ने सील किया

- धूलकोट हादसे के बाद अब निगम की ओर से शुरू की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

धूलकोट हादसे के बाद अब नगर निगम ने अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। मंगलवार को धूलकोट के वार्ड नंबर 13 में एक आवासीय/व्यवसायिक भवन को सील कर दिया गया। नगर निगम आयुक्त वीरेंद्र सिंह सहरावत की ओर से जारी सीलिंग आदेश में भवन को बिना स्वीकृत बिल्डिंग प्लान के निर्मित बताया गया है। निगम ने भवन मालिक नीलम जग्गी को सील से छेड़छाड़ नहीं करने और बिना अनुमति भवन में प्रवेश नहीं करने के निर्देश दिए हैं।नगर निगम के 13 अक्टूबर 2026 के सीलिंग आदेश के अनुसार संबंधित भवन को लेकर पहले 3 अगस्त 2026 को मेमो के माध्यम से नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का जवाब नहीं मिलने पर निगम ने अगली कार्रवाई करते हुए भवन को सील करने का आदेश जारी किया। आदेश में हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 263(1) का हवाला दिया गया है।निगम के आदेश में स्पष्ट किया गया है कि भवन मालिक नीलम जग्गी या उनका कोई प्रतिनिधि बिना जरूरी अनुमति के भवन में प्रवेश नहीं करेगा और न ही कार्यालय की ओर से लगाई गई सील को तोड़ेगा या उसके साथ छेड़छाड़ करेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है। धूलकोट में हाल ही में हुए बिल्डिंग हादसे के बाद अवैध निर्माण और भवनों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठे हैं। ऐसे में निगम की इस कार्रवाई को अहम माना जा रहा है।

विदेश भेजने के नाम पर महिला से 20 लाख की ठगी, एजेंट के खिलाफ मामला दर्ज

अंबाला। विदेश भेजने के नाम पर एक महिला से 20 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने शिकायत पर मुख्य आरोपी और उसकी माता के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी गई शिकायत में रामपुर सरसेहड़ी की महिला ने बताया कि कुछ साल पहले छावनी स्थित कैंटोनमेंट बोर्ड में उनका संपर्क हर्ष निवासी पटियाला से हुआ था। हर्ष ने खुद को विदेश भेजने का काम करने वाला बताया और डिंपल को अमरीका भेजने का पूरा झांसा दिया। आरोपी के झांसे में आकर पीड़िता ने वर्ष 2025 से लेकर अब तक अलग-अलग तारीखों में आरोपी हर्ष और उसकी माता के बैंक खातों में ऑनलाइन माध्यम से और नगद राशि के रूप में कुल 20 लाख रुपये दिए। पीड़िता का आरोप है कि पैसे लेने के बाद भी आरोपियों ने न तो उसे विदेश भेजने के लिए कोई कागजात/वीज़ा दिया और न ही उसका पासपोर्ट और पैसे वापस लौटाए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

सेक्टर 9 के अग्रवाल भवन में जयंती पर कार्यक्रम

महाराजा अग्रसेन के विचार हमारे लिए मार्गदर्शक

अग्रसेन के जीवन से प्रेरणा लेकर समाजहित एवं राष्ट्रहित के लिए कार्य करने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

युगपुरूष महाराजा अग्रसेन की जंयती के उपलक्ष्य में अग्रवाल सभा मॉडल टाउन द्वारा सेक्टर 9 के अग्रवाल भवन में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के प्रधान नरेश जिंदल एवं महासचिव धनराज अग्रवाल ने की। समारोह में पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

वशिष्ठ अतिथि के रूप में अनुज अग्रवाल एवं प्रदीप सिंगला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर महाराजा अग्रसेन की आरती एवं गणेश वंदना के साथ किया गया। इसके उपंरात हरियाणा कला परिषद् के कलाकारों द्वारा एक मनमोहक नाटिका की प्रस्तुति दी गई। सतयुग दर्शन के बच्चों ने भी अपनी आकर्षक प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।



अंबाला। समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित करते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

ये रहे मौजूद

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने महाराजा अग्रसेन जयंती पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन ने सर्व समाज को एकजुट करने का कार्य किया। उनके द्वारा शुरू कि गई एक ईंट, एक रूपया की परंपरा अब भी समाजिक समरसता का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को महाराजा अग्रसेन के जीवन से प्रेरणा लेकर समाजहित एवं राष्ट्रहित के लिए कार्य करने चाहिए। महाराजा अग्रसेन के आदर्शों पर चलते हुए अग्रवाल समाज सदैव समाज कल्याण के कार्यों में अग्रणी रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि महाराजा अग्रसेन ने मानवता, समानता व सेवा की मिसाल कायम की। इस आधुनिक युग में भी महाराजा अग्रसेन के विचार हमारे लिए मार्गदर्शक हैं। हमें उनसे प्रेरणा लेकर समाज में आपसी- भाईचारा, एक-दूसरे की मदद करने व न्याय की भावना रखनी चाहिए और समाजिक कार्यों में अपना योगदान देना चाहिए। इस मौके पर अग्रवाल समाज के पदाधिकारीगण व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। नग्गल थाना प्रभारी सुरेश कुमार पर हमला करने के मामले में सीआईए वन की टीम ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान छज्जूमाजरा के निखिल के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे साहा के पास से पकड़ा था। वह यमुनानगर भागने की फिराक में था। आरोपी को कोर्ट में पेश कर 5 दिन के रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब आरोपी से वारदात में इस्तेमाल हथियार बरामद करने और उसके अन्य साथियों के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है। सीआईए-1 प्रभारी परमिंदर सिंह के अनुसार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें मुखबिरों से मिली सूचना के आधार पर लगातार दबिश दे रही थीं। इसी दौरान सूचना मिली कि आरोपी साहा की तरफ से जाने वाला है। टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे दिन में ही पकड़ लिया।